पर्यटन का उद्देश्य 'जिन्दगी का आनंद लेते हुए विश्व का संपर्क और शांति सन्देश'

मुंबई, मुंबई के उद्योगकर्मी प्रवीण मेहता और उनके मित्र डॉ. सुधीर बालदोटा ने आज विश्व का संपर्क और शांति सन्देश के लक्ष्य के साथ सांताक्रुज, मुंबई पश्चिम के रोटरी क्लब के कार्यालय से विश्व पर्यटन का प्रारंभ किया। ये यात्रा में एशिया, यूरोप, साउथ अमेरिका, नार्थ अमेरिका के ६० देशों में ७०००० कि. मी. के अंतर को ३०० दिन में पूर्ण करेंगे। इस यात्रा के दौरान दोनों मित्र इन देशों के १२० से ज्यादा अपने क्षेत्र में समाज के कल्याण के लिए विशेष योगदान देनेवाले प्रसिद्ध व्यक्ति विशेष को मिलकर लोगों में उनके कार्य विशेष की जानकारी देकर प्रभावित करके उसी दिशा में हर क्षेत्र में नए लोगों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिले यही लक्ष्य रहेगा। इस विश्वयात्रा के लिए मुंबई पश्चिम रोटरी क्लब का सहयोग मिला है। प्रवीण मेहता जो अपने पहले नाम से जाने जाते है इन्होंने १००० कि.मी. की चंडीगढ़-स्पिती व्हॅली और मनाली-चंडीगढ़, ११०० कि.मी. की चंडीगढ़-लेह, ४५०० कि.मी. की मुंबई-कन्याकुमारी- चेन्नई-बंगलुरु-मुंबई मोटरसाइकिल यात्रा पूर्ण की है। उसके अलावा कार से प्रवास, साइकिल से मुंबई गोवा ६६० कि.मी., मनाली-लेह ५५० कि.मी. यात्रा भी की है। उन्होंने स्टोक कांगरी, जतात्सुख पीक, थ्रोरोंग-ला पास पर्वतारोहन, दस मेरेठोन, स्काई डाइविंग, पारा ग्लाइडिंग आदि भी किया हुआ है। डॉ. सुधीर बालदोटा ने एवरेस्ट, अन्नपूर्णा कैंप, स्टोक कांगरी, जगतसुख पिक पर्वतारोहन, करी साड़ी हाफ-मेराथोन, स्कूबा डाइविंग आदि किया हुआ है। पेशे से होमियोपैथ होने के नाते उन्हें लोगों से बातचीत का अच्छा अनुभव है।